जैव प्रौधोगिकी विभाग

गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

<u>स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम 14 सितम्बर 2018</u>

जैव प्रौद्योगिकी विभाग में 14 सितम्बर 2018 को स्वच्छता पखवाडा के तहत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का आयोजन विभाग के कक्ष क्र0 G-5 में हुआ । कार्यक्रम के समन्वयक डा0 नवीन विश्वकर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी । विभाग की अध्यक्षा डा0 रेणू भट्ट नें स्वच्छता को सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति के लिए आवश्यक बताया । विभाग के शिक्षकों की ओर से बोलते हुए प्रो0 बी.एन. तिवारी ने स्वच्छता को समग्र की जिम्मेदारी से प्राप्त किए जाने पर जोर दिया । विभाग के समस्त कर्मचारी एवं बहुतायत संख्या में शोधार्थी एवं छात्र/छात्रा शामिल हुए ।

विभाग के लिपिक श्री नायडू ने स्वच्छता को कार्यस्थल एवं निवास स्थल दोनों जगहों पर महत्वपूर्ण बताते हुए सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया । विभाग के शोधार्थी श्री अमिताभ अहरवार ने विज्ञान विभाग के प्रयोगों में एवं प्रयोगशाला में स्वच्छता की महता पर जोर दिया । छात्र श्री उद्यन शर्मा ने स्वच्छता को एक पखवाडे की सीमा से बाहर ले जाकर जीवननिहित करने के बारे में विचार व्यक्त किये ।

अन्त में समन्वयक ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

स्वच्छता पखवाडा
स्वच्छता जागरुकता, कार्यक्रम
14th Sept 2018

स्वच्छता पखवाडा
Sept 2018

स्वच्छता पखवाड़ा
स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम
14th Sept 2018